यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 25 नेक्स्ट जेनरेशन एमएसएमई शाखाओं की शुरुआत की है, अब पूरे भारत में नेक्स्ट जेनरेशन एमएसएमई शाखाओं की संख्या बढ़कर 50 हो गई है

- यूनियन एमएसएमई फर्स्ट शाखाएँ (यूएमएफ़बी) अब वर्तमान में पूरे भारत में 50 स्थानों पर उपलब्ध है.
- एमएसएमई ग्राहकों पर विशेष ध्यान देते हुए, ये शाखाएँ अपने एमएसएमई ग्राहकों की जरूरतों को त्वरित प्रसंस्करण और बेहतर सेवा प्रदान करने में सक्षम होंगी.

23 मार्च, 2022 मुंबई: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने पूरे भारत में विभिन्न स्थानों पर 25 नई नेक्स्ट जेनरेशन एमएसएमई शाखाओं (यूएमएफ़बी) की शुरुआत की है, अब पूरे भारत में नेक्स्ट जेनरेशन एमएसएमई शाखाओं की संख्या बढ़कर 50 हो गई है.

शाखाओं का उद्घाटन बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री निधु सक्सेना ने मंगलवार को आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम में किया.

बैंक ने पहले ऐसी 25 एमएसएमई केंद्रित शाखाएँ शुरू की हैं, जिसके परिणामस्वरूप ग्राहक अनुभव के साथ-साथ व्यवसाय में भी वृद्धि हुई है.

नई शाखाओं की पहचान जियो-एनालिटिक्स, क्षेत्र के साथ चर्चाओं के आधार पर की गई थी और ये एसएमई क्लस्टर के बेहद करीब स्थित है ताकि ये अपने ग्राहकों की पहुँच को आसान बना सके. अपने एसएमई ग्राहकों को अधिकतम मूल्य और त्वरित टर्न अराउंड समय देने की अपनी आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए, शाखाओं में समर्पित रिलेशनशीप प्रबंधक और प्रोडक्ट टीम उपलब्ध होंगे जो एमएसएमई ऋण, जमा, फोरेक्स सेवाएँ, एलसी/बीजी क्रेडिट कार्ड्स, बीमा उत्पाद आदि को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएंगे.
यह पहल एमएसएमई संवर्ग के प्रति बैंक के समर्पण एवं प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो भारतीय अर्थव्यवस्था का एक मजबूत आधार स्तंभ है.